रोल नं. – ..........................

# स्नातकोत्तर पत्रोपाधि नियमित परीक्षा (अ.के.) 2021–22

कूट क्र.–अबि –1660

विषय – आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण

प्रश्नपत्र – सामान्य रोग, संक्रमण रोग एवं आपात रोगों का प्रबंधन एवं विभिन्न पद्धतियों से उपचार

अधिकतम समय–3 घण्टे

अधिकतम अंक–70

उत्तीर्णांक–28

आवश्यक निर्देशः–

1. प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभक्त है।
2. प्रत्येक खण्ड का प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक खण्ड के सामने प्रश्नों के अंक दर्शाये गए हैं।
4. खण्ड "ब" एवं "स" में प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

## खण्ड–अ

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

कुल अंक 10x01=10

प्रश्न–1 दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर लिखें –

i. विषाणु के कारण होने वाला रोग है–

(अ) पोलियो (ब) हैजा (स) प्लेग (द) अनिक ज्वर

ii. वैरियोला वायरस के कारण होने वाला रोग है–

(अ) खसरा (ब) छोटी चेचक (स) चेचक (द) कोई नहीं

iii. किस रोग के लिए "टेस्ट एण्ड ट्रीट" नीति प्रारंभ की गई है–

(अ) चेचक (ब) एचआईवी (स) पोलियो (द) क्षय रोग

iv. टी.बी. हेतु मुख्यतः प्रयुक्त वैक्सीन है–

(अ) बीसीजी (ब) डीपीटी (स) एचआईवी (द) वेरीसेला

v. निम्न में से किसमें विटामिन–सी अधिक होता है–

(अ) टमाटर (ब) अंगूर (स) नींबू (द) मिर्च

vi. डेंगू फैलता है–

(अ) भोजन से (ब) जल से (स) मच्छर से (द) वायु से

vii. धूम्रपान किस अंग को अधिक प्रभावित करता है–

(अ) नेत्र को (ब) हृदय को (स) फेफड़ों को (द) यकृत को

viii. कार्बन डाई ऑक्साइड सिलेण्डर किस रंग का होता है–

(अ) भूरे (ब) सफेद (स) ग्रे (द) नीले

ix. मूत्राघात का सामान्य कारण है–

(अ) पथरी (ब) बीपीएच (स) स्ट्राइक्चर (द) कोई नहीं

x. आघात पश्चात दिया जाने वाला टीका है–

(अ) टी.टी. (ब) बीसीजी (स) डीपीटी (द) पोलियो ड्रॉप

## खण्ड–ब

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

कुल अंक 05x03=15

निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए –

प्रश्न–2 श्वसन संस्थान के परीक्षण के तरीके लिखिए।

अथवा

सीने के आघात के बारे में टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न–3 जलने से आघात की प्राथमिक चिकित्सा लिखिए।

अथवा

परजीवी कृमि संक्रमण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न–4 आयुर्वेद पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

पेट दर्द के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न–5 निर्जलीकरण की चिकित्सा लिखिए।

अथवा

तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के बारे में लिखिए।

प्रश्न–6 संक्रामक रोगों की रोकथाम पर तीन प्रमुख बिंदु लिखिए।

अथवा

योग चिकित्सा पद्धति पर टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड–स

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

कुल अंक 05x09=45

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 400 शब्दों में दीजिए –

प्रश्न–7 मधुमेह क्या होता है? उनमें लक्षणों एवं घरेलू उपाय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अथवा

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न–8 रक्तस्त्राव क्या होता है? उनके प्रकार एवं कारणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न–9 तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम एवं उनसे होने वाली बीमारियों के नाम लिखिए।

अथवा

निर्जलीकरण क्या होता है? इसके उपायों के नाम लिखिए।

प्रश्न–10 वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां क्या होती है एवं यह किन मरीजों को दी जाती है।

अथवा

श्वास संबंधी समस्याओंका नाम लिखकर उपायों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न–11 कब्ज के कारण क्या होते हैं एवं इसके उपचारों एवं उसके कारण होने वाले रोगों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अथवा

एलर्जी क्या होती है एवं यह दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करती है?

--00--